
TEACHERS OF BIHAR

# दैनिक ज्ञानकोश

सीखें-सिखाएं, बिहार को आगे बढ़ायें




# 2024

teachersofbihar@gmail.com

https://twitter.com/teachersofbihar

https://www.youtube.com/c/teachersofbihar

https://www.facebook.com/teachersofbihar

https://www.linkedin.com/company/teachersofbihar

www.teachersofbihar.org

16 नवंबर 2024

# Teachers of Bihar

The Change Makers

## आज का सुविचार

जब तक आप खुद पर विश्वास नहीं करते तब तक आप ईश्वर पर विश्वास नहीं कर सकते ।

**स्वामी विवेकानंद जी**



राकेश कुमार

www.teachersofbihar.org

# Teachers of Bihar
*The change makers*

# दिवस ज्ञान

**शशिधर उज्जवल**

## 16 नवम्बर

1. **राष्ट्रीय प्रेस दिवस–** 4 जुलाई, 1966 ई. को भारत में प्रेस परिषद की स्थापना की गई थी, जिसने 16 नवम्बर, 1966 से ही भारतीय प्रेस परिषद् ने विधिवत कार्य करना शुरू किया था। तभी से प्रतिवर्ष 16 नवम्बर को राष्ट्रीय प्रेस दिवस के रूप में मनाया जाता है। यह दिवस पत्रकारों को सशक्त बनाने के उद्देश्य से स्वयं को फिर से समर्पित करने का अवसर प्रदान करता है।

2. **अंतर्राष्ट्रीय सहनशीलता दिवस–** आज समाज–परिवार छोटी–छोटी बातों पर लड़ाई हो जाती है। लोग एक–दूसरे पर जान लेने पर उतारू हो जाते हैं। अतः वर्ष 1995 से प्रतिवर्ष यूनेस्को द्वारा असहनशीलता के बढ़ते परिणामों के प्रति लोगों के जागरूक करने के लिए प्रतिवर्ष 16 नवम्बर को अंतर्राष्ट्रीय सहनशीलता दिवस मनाया जाता है। सहनशीलता शब्द का अर्थ है शरीर और मन की अनुकूलता और प्रतिकूलता को सहन करना।

3. **यूनेस्को की स्थापना दिवस–** संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक एवं सांस्कृतिक संगठन (यूनेस्को) की स्थापना 16 नवम्बर, 1945 ई. को लंदन (युनाइटेड किंगडम) में हुई थी। यूनेस्को संयुक्त राष्ट्र की एकमात्र ऐसी संस्था है जिसे शिक्षा के सभी पहलुओं को शामिल करने का अधिकार प्राप्त है। यूनेस्को मुख्यतः शिक्षा, संस्कृति एवं सूचना व संचार के जरिये अपनी गतिविधियों संचालित करता है। यह विश्व विरासत स्थलों को परिभाषित करने, उनकी पहचान और संरक्षण प्रदान करने का कार्य भी करता है। इसका मुख्यालय पेरिस (फ्रांस) में है। भारत भी वर्ष 1946 से यूनेस्को का सदस्य है। यूनेस्को ने भारत के 38 स्थलों को विश्व धरोहर स्थल घोषित किया है। यूनेस्को द्वारा सूचीबद्ध पहला विश्व धरोहर स्थल इक्वाडोर का गैलापागोस द्वीप है। यूनेस्को की पहली जनरल कांफ्रेस 19 नवम्बर, 1946 से 10 दिसम्बर 1946 तक चली थी। यूनेस्को के मुख्यालय का उद्घाटन 3 नवम्बर, 1958 को हुआ था। इसके मुख्यालय के उद्घाटन के पहले यूनेस्को का कार्यालय होटन मैजेस्टिक, एवेन्यू क्लेबर, पेरिस में चलता था। यूनेस्को मुख्यालय का डिजाइन वाई–आकार का है जो 72 स्तंभों पर खड़ी है। यूनेस्को के 193 सदस्य देश और 11 सहयोगी सदस्य देश और दो पर्यवेक्षक सदस्य देश हैं।

4. **दो नये तत्वों की खोज–** वर्ष 1945 में आज के ही दिन दो नये तत्वों अमरेशियम (परमाणु क्रमांक 95) और क्यूरियम (परमाणु क्रमांक 96) की खोज की घोषणा की गई थी।

Saturday

/teachersofbihar

Madhu priya

## मधु प्रिया

# राष्ट्रीय प्रेस दिवस - 16 नवंबर

## राष्ट्रीय प्रेस दिवस




राष्ट्रीय प्रेस दिवस 16 नवंबर को भारत में स्वतंत्र और जिम्मेदार प्रेस का प्रतीक है। यही वह दिन था जब भारतीय प्रेस परिषद ने एक नैतिक प्रहरी के रूप में कार्य करना शुरू किया ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि प्रेस न केवल इस शक्तिशाली माध्यम से अपेक्षित उच्च मानकों को बनाए रखे बल्कि यह भी कि यह किसी बाहरी कारकों के प्रभाव या धमकियों से बाधित न हो। हालाँकि दुनिया भर में कई प्रेस या मीडिया परिषदें हैं, भारतीय प्रेस परिषद एक अनूठी इकाई है क्योंकि यह स्वतंत्रता की रक्षा के अपने कर्तव्य में राज्य के उपकरणों पर भी अधिकार रखने वाली एकमात्र संस्था है। 1956 में एक प्रेस काउंसिल की स्थापना की सिफारिश करते हुए पहले प्रेस आयोग ने निष्कर्ष निकाला था कि पत्रकारिता में पेशेवर नैतिकता बनाए रखने का सबसे अच्छा तरीका वैधानिक अधिकार के साथ एक निकाय को अस्तित्व में लाना होगा, जिसमें मुख्य रूप से उद्योग से जुड़े लोग हों, जिनका कर्तव्य मध्यस्थता करना होगा। इस उद्देश्य से भारतीय प्रेस परिषद की स्थापना की गई और 16 नवंबर, 1966 से विकसित हुई इस संस्था ने उद्देश्य को पूरा नहीं किया है। इसलिए 16 नवंबर देश में एक जिम्मेदार और स्वतंत्र प्रेस का प्रतीक है। वे सभी जो इसे संजोते हैं, इस दिन को याद करते हैं। कार्यक्रम के अलावा पत्रकारिता में उत्कृष्टता के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे और इस अवसर पर स्मारिका का विमोचन किया जाएगा। इसके पृष्ठभूमि नोट के साथ निम्नलिखित विषय हैं जिन पर राष्ट्रीय प्रेस दिवस के अवसर पर विचार-विमर्श किया गया है। राष्ट्रीय प्रेस दिवस, प्रेस की स्वतंत्रता और जिम्मेदारियों की ओर हमारा ध्यान आकृष्ट करता है। भारत में पत्रकारिता में उच्च आदर्श कायम करने के उद्देश्य से प्रथम प्रेस आयोग ने एक प्रेस परिषद की कल्पना की थी। इसके बाद 4 जुलाई, 1966 को प्रेस परिषद की स्थापना की गई. इस परिषद ने 16 नवंबर 1966 से अपना विधिवत कार्य शुरू किया।

# पुलेला गोपीचंद

## को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं

'बैडमिंटन कोच'



**पुलेला गोपीचंद** *Pullela Gopichand*, जन्म: 16 नवम्बर, 1973) एक प्रसिद्ध भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी हैं। 11 मार्च 2001 को ऑल इंग्लैंड बैडमिंटन चैंपियनशिप जीत कर भारत के स्टार शटलर पुलेला गोपीचंद ने भारतीय खेल जगत् में एक नया इतिहास लिख डाला। इनसे 21 वर्ष पूर्व प्रकाश पादुकोने ने भारत में बैडमिंटन की ऊँचाइयों को छुआ था।

राकेश कुमार

# Teachers of Bihar

The Change Makers

## शिक्षा शब्दकोश

आज का शब्द 16.11.2024

### कौशल-आधारित गतिविधियां

कौशल-आधारित गतिविधियां छात्रों को व्यावहारिक अभ्यास और वास्तविक दुनिया से जुड़े अनुप्रयोगों के ज़रिए कौशल विकसित करने में मदद करती हैं. इन गतिविधियों के ज़रिए, छात्रों को विशिष्ट कौशल, जैसे कि पढ़ना, लिखना, बोलना, और समग्र साक्षरता को बेहतर बनाने में मदद मिलती है।

# रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान

Rakesh kumar



**4.2-लीटर के 48 सिलेंडर वाले कावासाकी टिंकर टॉय बाइक ने किसी भी वाहन इंजन में सबसे ज़्यादा सिलेंडर होने का गिनीज़ वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया है. साइमन व्हाइटलॉक ने साल 2003 में इस बाइक को बनाया था।**

# TOB
राकेश कुमार

# खेल कॉर्नर

## जिमनास्टिक

## जिम्नास्टिक



जिम्नास्टिक एक ऐसा खेल है जिसमें वे शारीरिक व्यायाम शामिल हैं जिनमें संतुलन, शक्ति, लचीलापन, चपलता, समन्वय, समर्पण और धीरज की आवश्यकता होती है।


### जिम्नास्टिक के 3 प्रमुख प्रकार

**कलात्मक-** तीन प्रकार की कलात्मक जिम्नास्टिक प्रतियोगिताएं हैं, जैसे व्यक्तिगत, टीम और व्यक्तिगत ऑल राउंडर। फ्लोर एक्सरसाइज, बैलेंस बीम, अनइवेन बार्स और वॉल्ट महिलाओं की कलात्मक जिम्नास्टिक स्पर्धाओं में चार प्रतियोगिताएं हैं, जबकि पुरुषों में 6 इवेंट्स होते हैं। फ्लोर एक्सरसाइज, वॉल्ट, पॉमेल हॉर्स, हाई बार, पैरेलल बार्स और स्टिल रिंग्स।




**लयबद्ध जिम्नास्टिक-** लयबद्ध जिम्नास्टिक बैले नृत्य और जिमनास्टिक के संयोजन की तरह ज्यादा है। कलाबाजी के बजाय संगीत और चाल के सौंदर्यशास्त्र पर ध्यान दिया जाता है।

**ट्रैम्पोलिन जिम्नास्टिक-** ट्रैम्पोलिन की मदद से जिम्नास्टिक है। एथलीट ट्रैम्पोलिन पर कूदते हैं और फ्लिप और टर्न करने के लिए अयरटाइम का इस्तेमाल करते हैं।



जिमनास्टिक्स हालाँकि जिमनास्टिक की शुरुआत 1896 के ओलंपिक खेलों में हुई थी, लेकिन 1928 के ओलंपिक में इसे मानकीकृत किया गया। 1928 के ओलंपिक के दौरान महिलाओं ने भी इस खेल में भाग लेना शुरू किया।


पत्रकारिता, लोकतंत्र का चौथा स्तम्भ
16 नवंबर
राष्ट्रीय प्रेस दिवस
TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
पर मीडिया के सभी मित्रों को बहुत बहुत शुभकामनाएं...
स्वतंत्र, निष्पक्ष और साहसिक पत्रकारिता के बल पर ही एक
सशक्त राष्ट्र निर्माण संभव है...
www.teachersofbihar.org
Madhu priya



16 नवंबर
TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
PRESS
राष्ट्र के विकास में निरन्तर संवाद और
निष्पक्ष पत्रकारिता के माध्यम से अहम
योगदान देने वाले पत्रकार साथियों को
राष्ट्रीय
प्रेस दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
www.teachersofbihar.org
Punita Kumari